# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 अप्रैल 2024** **सान्ध्य समाचार**

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है । पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि घोषणा पत्र में भाजपा के संकल्प और मोदी की गारंटी पर फोकस किया गया है। इसमें महिला, युवा और गरीब किसान को प्रमुखता देते हुए सबका साथ, सबका विकास की बात कही गयी है। संकल्प पत्र के माध्यम से सत्तर वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने का वायदा किया गया है।

इस बीच, बहुजन समाज पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने घोषणा की है कि अगर केंद्र में उनकी सरकार आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बसपा के चार बार के शासनकाल में कभी भी जातीय या साम्प्रदायिक संघर्ष नहीं होने दिया गया । उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सरकारों की नीतियों की आलोचना की और लोगों को बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने के लिए कहा ।

उधर, भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज महराजगंज जिले में सोशल मीडिया वालंटियर्स के सम्मेलन को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने का मतलब विकसित भारत की गारंटी है । मौसम खराब होने के कारण सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज मुरादाबाद में चुनाव प्रचार नहीं कर सके।

इस बीच, समाजवादी पार्टी ने सात लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने फूलपुर से अमरनाथ मौर्य, श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा, डुमरियागंज से भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है।

**********

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती मनायी जा रही है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने लोगों को बधाई दी है । प्रदेश के अलग अलग जिलों में बाबा साहेब की जयंती पर विविधि कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं । वाराणसी के काशी विद्यापीठ में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस मौके पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में चर्चा की । अयोध्या में कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । बलरामपुर जिले के कलक्ट्रेट सभागार में इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि उनके जीवन का आदर्श और संघर्ष सभी को प्रेरणा प्रदान करता है। श्रावस्ती जिले में इस अवसर पर जगह जगह शोभायात्राओं के आयोजन किये गये। चित्रकूट जिले में कलक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अमरोहा में कल शाम डॉ आम्बेडकर जन्मोत्सव समिति ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर उनके जीवन के आदर्शों को याद किया

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अयोध्या नगर समेत जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उन सभी का कायाकल्प करवाना है । वह बड़ी छावनी मैदान में गुजरात के प्रख्यात कथाकार रमेश ओझा की कथा में शामिल होने के बाद कल श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के दिव्य और भव्य राममंदिर की तरह ही आंगनबाड़ी केंद्र भी एक शिक्षा के मंदिर के रूप में सुसज्जित किये जाएंगे। इस बीच, रामनवमी को देखते हुए प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक के दौरान रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से समीक्षा की गयी।

**********

प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में बीती रात से मौसम का मिजाज बदल गया । ललितपुर, कौशांबी और बदायूं समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है । मौसम विज्ञान विभाग ने लखनऊ समेत प्रदेश के पैंतीस जिलों में आज और कल दोनों दिन वर्षा की संभावना जताई है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में आज अग्निशमन सेवा दिवस पर अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । चौदह अप्रैल उन्नीस सौ चौवालीस को मुंबई के बंदरगाह पर लगी आग को काबू करने में छाछठ अग्निशमन कर्मी शहीद हो गये थे। उन्हीं की याद में हर साल यह दिवस मनाया जाता है । अयोध्या और कुशीनगर जनपद में इस मौके पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी गयी।

**********

उन्नाव जिले के गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर कल गंगा नदी में नहाने गये चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी, जबकि एक बच्चे को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया।

**********